दैनिक
न्याय साक्षी

खबरें खास

महत्वपूर्ण एवं खास

अवैध संबंधों के कारण,हुयी युवक की हत्या पुलिस ने किया एक को गिरफ्तार

रायगढ़। लैलूगां के करवाजोर में अवैध संबंधों के चलते एक युवक की हत्या हो गयी पुलिस ने हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है घटना कल दोपहर की हैं जिसकी सूचना पर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक बोनीफास एक्का पुलिस स्टाफ के साथ घटनास्थल ग्राम करवारजोर में कृतसिंग की बाडी में पहुंचे, जहां मृतक ज्ञानीराम चौहान का शव पड़ा था, जिसके गले में धारदार हथियार के निशान थे। मृतक के भाई परमेश्वर चौहान ने रिपोर्ट बताया कि दोपहर में इसे गांव के मुण्डा तथा चिडरू ने खबर दी की ज्ञानीराम को शंकर प्रसाद ऊर्फ मालू ने कृतसिंग की बाडी में धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दिया है, रिपोर्ट पर धारा 302 IPC पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान ज्ञात हुआ कि आरोपी और ज्ञानीराम चौहान (मृतक) गांव के शमसान पर मिले तो आरोपी शंकर प्रसाद, ज्ञानीराम चौहान को धारधार हथियार लेकर मारने के लिये दौड़ाया तो वह कृतसिंग की बाडी में जाकर छिप गया जिसे शंकर ने गला रेतकर मार दिया। आरोपी शंकर ने बताया कि मृतक को पूर्व में अपने घर आने जाने से मना किया था किन्तु मृतक नहीं माना, जिसके कारण उसके साथ द्ववेश था। आरोपी के कबूलनामे के बाद शंकर प्रसाद ऊर्फ मालू को गिरफ्तार कर लिया गया।

लाखों की सट्टा पट्टी के साथ युवक गिरफ्तार

आरोपी से 22,740 रूपये नगदी व सट्टा-पट्टी जप्त, सरिया पुलिस की कार्यवाही

रायगढ़। आज थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक अशीष वासनिक के नेतृत्व में थाना सरिया में पदस्थ प्रधान आरक्षक धनेश्वर उरांव द्वारा मुखबिर सूचना पर हमराह स्टाफ के साथ सरिया वार्ड नं. 07 आईटीआई गली के पास मनोज दास पिता संतोष दास उम्र 40 साकिन वार्ड नं. 07 सरिया को सट्टा पट्टी लिखते हुये पकड़े, आरोपी के पास से लाखो की सट्टा पट्टी, पेन तथा नकदी रकम 22740 रूपये जप्त किया गया है । आरोपी के विरूद्ध थाना सरिया में अप.क्र. 32/19 धारा 4(क) सट्टा एक्ट की कार्यवाही की गई है।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

रायगढ़। 19 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर युवक द्वारा दैहिक शोषण किया जाता रहा बात जब शादी की आ गयी तो मामला पुलिस में पहुचां यह घटना सारंगढ़ का हैं युवती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। युवक इससे प्रेम संबंध बनाया और करीब 5-6 माह पूर्व एक दिन मोटर सायकल में बिठाकर घुमाने ले जाने के बहाने बरमकेला जंगल में लेकर दुष्कर्म किया, जिसके बाद से शादी का प्रलोभन देकर लगातार दुष्कर्म करने लगा। इस बीच आरोपी युवक के पिता द्वारा अन्य लड़की से युवक की शादी तय करने की जानकारी होने पर युवती ने युवक को शादी करने को कहा तो युवक टाल मटोल करने लगा। युवती द्वारा थाना बरमकेला में युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने पर धारा 376 पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी युवक गिरफ्तारी के भय से फरार हो गया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिये मुखबिर व स्टाफ सक्रिय किया गया है।

हायर सेकेण्ड्री परीक्षा सामान्य अंग्रेजी, संस्कृत एवं हिन्दी में 15082 परीक्षार्थी हुए शामिल

रायगढ़। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा आज हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2019 (कक्षा 12 वीं) के विषय सामान्य अंग्रेजी, संस्कृत एवं हिन्दी प्रश्न पत्र में विद्यार्थियों की कुल दर्ज संख्या 15275 थी जिनमें 15082 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 193 अनुपस्थित रहे।

बिलासपुर सम्भागीय पत्रकार सम्मेलन को समर्थन और पत्रकार सुरक्षा कानून व कल्याण कोष में सुधार को यथाशीघ्र लागू करवाये जाने हेतु बैठक सम्पन्न

समिति के सदस्यों के अनुरोध पर प्रेस क्लब के वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष नरेश शर्मा ने भी उपस्थित देकर मांग को समर्थन दिया

न्यायसाक्षी/रायगढ़। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति रायगढ़ इकाई की आवश्यक बैठक दिनांक 11 मार्च 2019 को होटल पथिक में शाम 6 बजे आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य बिलासपुर के 31 मार्च 2019 को आयोजित होने वाले सम्भागीय पत्रकार सम्मेलन सफल बनाने पर विचार किया गया। वही सम्मेलन में जिला रायगढ़ से अधिकाधिक पत्रकारों की उपस्थिति दर्ज कराने की बात कही गई। इस हेतु संगठन में शामिल जिले के समस्त पत्रकार साथी तक सन्देश पहुंचाने और सरकार से प्रदेश में यथाशीघ्र पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करवाये जाने की मांग तेज करने पर भी विचार किया गया। बैठक जिलाध्यक्ष ऋषिकेश मुखर्जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नितिन सिन्हा की उपस्थिति में संपन्न हुई।

जबकि बैठक में उपस्थित सभी पत्रकारों ने प्रदेश अध्यक्ष गोविंद शर्मा से उस मांग को पुरजोर समर्थन दिए जाने की बात कही गई जिसमें उनके द्वारा राज्य की भूपेश सरकार से कहा गया है कि पत्रकार कल्याण कोष समिति में रायपुर के ही पत्रकार नही छत्तीसगढ़ के समस्त जिले में एक पत्रकार को इस समिति में रखा जाये, वही समिति को 50 हजार नही 2 लाख तक के पत्रकार को सहयोग करने की छुट दी जाये जिससे पत्रकारों को होने वाली परेशानियों जैसे मेडिकल सुविधा आदि जल्द से जल्द मिल सके।

समिति के सदस्यों की मांग पर होटल पथिक में आयोजित बैठक को समर्थन देने जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं रायगढ़ प्रेस क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष नरेश शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने जिले में पत्रकार हित के किसी भी कार्यक्रम या नीति पर संगठन गत भावानाओं से उपर रहकर अपना समर्थन देने को कहा। वही 31 मार्च 2019 बिलासपुर सम्भागीय सम्मेलन में पत्रकार सुरक्षा कानून को यथाशीघ्र लागू कराये जाने की मांग को समर्थन देने के उद्देश्य से स्वयं उपस्थित होने की बात कही। गौरतलब हो कि इस आयोजन में रायगढ़ जिले से विशिष्ट अथिति के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं बुद्धजीवी लेखक शशिकांत शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार हरेराम तिवारी के सांथ रायगढ़ प्रेस क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष नरेश शर्मा, प्रदेश विधिक सलाहकार हाईकोर्ट अधिवक्ता एवं वरिष्ठ पत्रकार तथागत श्रीवास्तव शामिल होंगे।

वही होटल पथिक में आयोजित बैठक में उपस्थित पत्रकारों में तथागत श्रीवास्तव, नितिन सिन्हा, ऋषिकेश मुखर्जी जिलाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष संजय शर्मा, मीडिया प्रभारी निमेष पांडे, जिला सचिव अक्षय स्वर्णकार, ग्रामीण उपाध्यक्ष अशोक भगत, पत्रकार नवरत्न शर्मा, अभिनव शर्मा, भीमसेन तिवारी, सन्तोष पुरशवानी, राजेन्द्र निषाद, नरेंद्र चौबे, मनीष सिंह, सहित सुनील पटेल, मनोहर पटेल,संगीता महंत उपस्थित रहे। वहीं सारंगढ़ धरमजयगढ़ और खरसिया के सदश्य पत्रकार गणों ने बैठक को समर्थन देकर बिलासपुर कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा।

आधी रात बदमाशों ने की तोड़फोड़, दहशत में बावलीकुंआ के लोग

रायगढ़। आचार संहिता के कुछ घंटे बाद शहर के बावली कुंआ मोहल्लें में पत्थरबाजी हुई है। रविवार की देर रात करीब डेढ़ बजे मोहल्ले व धांगरडीपा के बंदमाशों ने हो हंगामा मचाया और सड़कों पर खड़े ठेले से लेकर चार पहिया वाहनों व आटो रिक्शा को अपना शिकार बनाया है। जिससे बावलीकुंआ मोहल्ले के लोग दहशत में हैं।

शहर के भीतर में गली मोहल्लों के असमाजिक तत्व पुलिस की शांति व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। रविवार को आचार संहिता लगने के बाद प्रशासन एवं पुलिस ने धारा 144 लगाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की शुरूआत की है लेकिन इसके कुछ देर बाद ही बीच शहर में बंदमाशों ने शराब के नशे में धुत होकर उत्पात मचाया है। जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड क्रमांक 2 बावली कुंआ मोहल्ले में रविवार की आधी रात दर्जन भर से अधिक युवकों ने हो हंगामा मचाया और गाली गलौच कर मोहल्ले में खड़ी चार पहिया वाहनों, आटो रिक्शा व ठेले में तोड़फोड की है। बंदमाश युवकों ने लोगों के घरों में पत्थर भी फेंके और वार्डवासियों की नींद खुली तो सारे भाग खड़े हुए। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि यहां पर मोहल्ले के अलावा धांगरडीपा एवं रामभाठा के युवक हर दिन समूह बनाकर सार्वजनिक रूप से शराब पीते हैं और जुआ खेलकर बच्चों को भी बुरी संगत में ले रहे हैं।

इसके लिए कई बार कोतवाली में शिकायत की गई है लेकिन पुलिस कुछ नहीं कर रही है जिससे मोहल्ले के लोग दहशत में हैं।

अखिल भारतीय पत्र लेखन में भोजराम को मिला दूसरा स्थान

रायगढ़। पत्र लेखन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डाक विभाग द्वारा आयोजित अखिल भारतीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है, जिसमें रायगढ़ डाक संभाग से 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय तारापुर में पदस्थ व्याख्याता भोजराम पटेल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है वही अंतर्देशीय श्रेणी में 18 वर्ष से कम आयु वर्ग में उनके पुत्र मनीष पटेल को छत्तीसगढ़ प्रदेश रायपुर परिमंडल में तृतीय स्थान मिला है। विदित हो कि डाक विभाग द्वारा ढाई आखर पत्र लेखन केम्पैन के तहत मातृभूमि के नाम पत्र विषय पर देश भर से लिफाफा एवं अंतर्देशीय पत्र हेतु 18 वर्ष से कम एवं 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए अलग अलग पत्र आमंत्रित कर अखिल भारतीय स्तर का प्रतियोगिता रखा गया था।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक रायपुर में, अभामा महिला सम्मेलन का

रायगढ़। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रेखा महमिया ने प्रेस को बताया कि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का द्वितीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक रायपुर छोकरा नाला के पास अग्रोहा धाम में 15 मार्च को आयोजित होगी। इस कार्यक्रम का आतिथ्य रायपुर शाखा के अध्यक्ष श्रीमती मधु गोयल सचिव रंजना अग्रवाल के साथ ही साथ उनकी टीम के द्वारा की गई है जिसमें देश के 14 प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती ऊषा किरण टिबरेवाल, राष्ट्रीय सचिव पुष्पा गोलछा के साथ ही साथ राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी इस द्वितीय राष्ट्रीय बैठक में सम्मिलित होंगे जिसकी तैयारियां आतिथ्य शाखा रायपुर द्वारा पूरी कर ली गई है।

21 मार्च होली के दिन बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

रायगढ़। राज्य शासन द्वारा 21 मार्च 2019 होली त्यौहार को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर रायगढ़ ने शुष्क दिवस पर जिले की समस्त देशी व विदेशी मदिरा, होटल बार दुकानें, भण्डारण भाण्डागार पूर्ण रूप से बंद रखने के आदेश दिए है।

शुष्क दिवस पर मदिरा विक्रय और परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी लकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480